गुणवत्ताहीन | बीम झुकी, कॉलम में दरारें, विभागीय निरीक्षण के बाद भी नहीं सुधरीं खामियां

# 65 लाख के उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में बड़ा खेल





**शहपुरा नवभारत 16 जुलाई।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) मध्य प्रदेश की 15वें वित्त आयोग योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए स्वीकृत उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों के निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम बाकी में लगभग 65 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन में भारी अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। हैरानी की बात यह है कि विभागीय निरीक्षण में गंभीर तकनीकी खामियां उजागर होने के बावजूद निर्माण कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं किया गया।

## गुणवत्ता पर उठे सवाल

निर्माणाधीन भवन के कई कॉलमों में स्पष्ट दरारें दिखाई दे रही हैं, जबकि कुछ बीम झुकी हुई नजर आईं। निर्माण क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि इस प्रकार की खामियां भवन की मजबूती और सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती हैं। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कंक्रीट में हनीकॉम्ब जैसी स्थिति पाई गई। तकनीकी विशेषज्ञ इसे निर्माण गुणवत्ता में गंभीर कमी का संकेत मानते हैं, जिससे भवन की दीर्घकालिक मजबूती प्रभावित हो सकती है।

## घटिया सामग्री और सरिया कम लगाने के आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में निम्न गुणवत्ता की ईंट, रेत और सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही कई स्थानों पर निर्धारित मानकों के अनुसार सरिया नहीं लगाया गया, जिससे पिलर और बीम की मजबूती पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

## दूसरी जांच में भी वही हाल, नहीं हुआ सुधार

14 जुलाई को दोबारा हुए निरीक्षण में विभाग ने पाया कि पहले दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया गया। इसके बाद तकनीकी निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार कर निर्माण कार्य में मौजूद कमियों का विस्तृत उल्लेख किया गया। लगातार दो निरीक्षणों में खामियां सामने आने के बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने से विभागीय निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार मनमाने तरीके से निर्माण करा रहा है और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं की जा रही। कुछ ग्रामीणों ने ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका भी जताई है।

**पहली जांच में मिली थीं कमियां, दिए गए थे सुधार के निर्देश**

स्वास्थ्य विभाग के सब इंजीनियर ने 29 मई 2026 को निर्माण स्थल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सूचना बोर्ड नहीं लगाए जाने, सीसी कार्य की गुणवत्ता सहित कई तकनीकी कमियां सामने आई थीं। ठेकेदार को तत्काल सुधार के मौखिक निर्देश भी दिए गए थे।

## उच्च स्तरीय जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने पूरे निर्माण कार्य की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराने, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच कराने तथा दोषी ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की गई तो भविष्य में यह भवन लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है।

# सूखे आम के पेड़ से बड़े हादसे की आशंका



**कोतमा नवभारत 15 जुलाई।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1, फिल्टर टोला में एक बड़ा हादसा होने का इंतजार किया जा रहा है। यहाँ निवासी सुनील मिश्रा के मकान के ठीक बगल में स्थित लगभग 40 वर्ष पुराना आम का पेड़ वर्तमान में पूरी तरह से सूख चुका है। यह सूखा पेड़ अब स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए काल बनकर खड़ा है, लेकिन संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या से पूरी तरह बेखबर बना हुआ है।

## आंधी-तूफान में गिर सकता है पेड़

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह विशालकाय आम का पेड़ काफी पुराना है और समय के साथ पूरी तरह सूख चुका है। इसकी शाखाएं सड़ चुकी हैं, जो हल्की सी हवा या आंधी-तूफान चलने पर कभी भी धराशायी हो सकती हैं। चूंकि यह पेड़ अटल द्वार की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के बिल्कुल किनारे स्थित है, इसलिए इसका खतरा और भी ज्यादा बढ़ जाता है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों स्कूली बच्चों, महिलाओं और आम जनता का आना-जाना लगा रहता है। मुख्य सड़क होने के कारण यहां पूरे दिन भारी चहल-पहल रहती है। स्थानीय निवासी सुनील मिश्रा के घर के ठीक बगल में होने के कारण उनके परिवार पर भी हमेशा अनहोनी का डर बना रहता है।

# पेसा परियोजना में अनियमितताओं का मामला गरमाया




**कुलपति को सौंपा गया ज्ञापन जांच समिति गठन और भर्ती परिणाम रोकने की मांग**

**अनूपपुर, नवभारत 15 जुलाई।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में पेसा एक्टो से जुड़ी वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

आदिवासी युवा छात्र महासंघ (आयाम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेश कुमार मरावी ने विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपकर 15 जुलाई को प्रस्तावित कार्य परिषद की बैठक के एजेंडा में इस पूरे मामले को शामिल करने, स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच समिति गठित करने तथा जांच पूरी होने तक पेसा परियोजना के अंतर्गत हाल ही में हुई भर्ती प्रक्रिया का परिणाम जारी नहीं करने की मांग की है।

## विकास राशि का किया गया दुरुपयोग

करीब 15 बिंदुओं वाले इस ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पंचायत राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुसंधान, प्रशिक्षण और जनजातीय विकास संबंधी गतिविधियों के लिए उपलब्ध कराई गई राशि के उपयोग में गंभीर वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताएं हुई हैं।

# डेमो सत्र के माध्यम से दी गई व्यावहारिक जानकारी

**सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम वर्ष-3 का शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित**



**शहपुरा नवभारत 16 जुलाई।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष-3 के पाठ्यक्रम पर एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन सहायक आयुक्त राजेन्द्र जाटव एवं बीईओ प्रवीण तिवारी के निर्देशन में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शहपुरा में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में शिक्षकों को वर्ष-3 का पाठ्यक्रम, जीवन कौशल के आयाम, सत्र संरचना, मैजिक मित्र उपकरण एवं डेमो सत्र के माध्यम से व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों में होने वाले सकारात्मक बदलावों पर चर्चा एवं सेक्स व जेंडर जैसे संवेदनशील विषयोंद्ध पर तथ्यपरक जानकारी साझा की गई।

## शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

शहपुरा ब्लॉक के सभी माध्यमिक विद्यालय, एकलव्य विद्यालय और सांदीपनि स्कूल के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यालयों में जीवन कौशल आधारित गतिविधियों को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया। सक्षम जीवन कौशल के तीन आयाम एवं 11 जीवन कौशल का विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया जिन्हें प्रत्येक विद्यालय बच्चों के साथ में गतिविधि करते हुए मेरी सीख किताब में लिपिबद्ध करने हेतु समझाया गया।

## सत्रों की गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश

कार्यक्रम नोडल उत्कृष्ट प्राचार्य डॉ. डी. के. श्रीवास्तव एवं बीआरसीसी गुरुप्रसाद साहू प्रशिक्षण प्रभारी अश्विनी कुमार साहू सक्षम जीवन कौशल जिला समन्वयक महारान प्रताप सिंह एवं ब्लॉक मैनेजर संदीप शुक्ला उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को सत्रों की गुणवत्ता बनाए रखने एवं समय पर संचालन के निर्देश दिए। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर्स मनीष साहू श्रीमती संध्या वरकडे मोतिलाल लखेरा द्वारा किया गया।

## एक नजर में

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री बने अजय चौधरी



**अनूपपुर, नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अनूपपुर की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। घोषित कार्यकारिणी में अजय चौधरी को अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है और उन्हें लगातार बधाइयाँ दी जा रही हैं। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार के निर्देश, संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, जिला प्रभारी संजय साहू की सहमति तथा भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के अनुमोदन उपरांत अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बब्बू प्रसाद चन्द्रवंशी द्वारा घोषित जिला कार्यकारिणी में की गई है।

### सफाई कर्मियों को रेनकोट वितरित

**बिजुरी।** नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा सफाईकर्मियों के कार्यों को सम्मान देने के उद्देश्य से नगरपालिका परिषद बिजुरी द्वारा सफाईकर्मियों को स्वच्छता सामग्री एवं रेनकोट वितरित किए गए। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका ने सफाईकर्मियों का सम्मान करते हुए कहा कि वे हर मौसम में दिन-रात मेहनत कर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# नशामुक्त समाज के निर्माण का लिया गया संकल्प

**नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान का शुभारंभ**



**डिंडौरी, नवभारत।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ बुधवार को उत्साह एवं जनसहभागिता के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, ओमकार मरकाम, जिला अध्यक्ष चमरू नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा सभी से स्वयं नशे से दूर रहने एवं समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। इसके उपरांत नशामुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं, युवाओं, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन अपनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत नशामुक्ति जागरूकता रथ को प्रभारी मंत्री, सांसद एवं विधायकगण द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरित करेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेखा धमेन्द्र सिंह, एसडीओपी डिंडौरी सतीष द्विवेदी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला पुलिस डिंडौरी ने आमजन से अपील की है कि नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान को जनआंदोलन बनाकर एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त डिंडौरी के निर्माण में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

**वार्ड क्रमांक 3 स्थित रेलवे कॉलोनी के समीप घटना रहवासी आ गए थे दहशत में**

# पल्सर बाइक में लगी आग, मची अफरा-तफरी



**कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 स्थित रेलवे कॉलोनी के समीप सोमवार रात करीब 8 बजे एक पल्सर मोटरसाइकिल में अचानक भीषण आग लग गई। चलती-फिरती बाइक में अचानक आग की लपटें उठती देख पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के रहवासी दहशत में आ गए।

जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल (वाहन क्रमांक सीजी 11 बीजी 2639) के मालिक 25 वर्षीय पंकज साहू हैं, जो मूल रूप से छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। वर्तमान में पंकज कोतमा के रेलवे कॉलोनी के पास एक किराए के मकान में रहते हैं।

## कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

लगभग 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पाया जा सका, जिसके बाद आसपास के मकानों में रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली। फिलहाल आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है।

## शॉर्ट सर्किट की आशंका, 50 हजार से अधिक का नुकसान

आशंका जताई जा रही है कि फ्यूल टैंक से तेल लीकेज होने या इंजन के अत्यधिक गर्म होने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ होगा, जिससे यह हादसा हुआ। इस अग्निकांड में मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर खाक हो गई है, जिससे पीड़ित को 50 हजार रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। घटना की औपचारिक सूचना स्थानीय पुलिस और संबंधित इंश्योरेंस कंपनी को दे दी गई है।

# वित्तीय व्यवस्था में पारदर्शिता जरूरी : मार्को

**नर्मदा मंदिर ट्रस्ट पर उठे सवाल, विधायक ने मांगा आय-व्यय का सार्वजनिक हिसाब**

**अनूपपुर, नवभारत 14 जुलाई।** राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण के बाद अब मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी अमरकंटक स्थित मां नर्मदा मंदिर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने ट्रस्ट की आय-व्यय, चल-अचल संपत्तियों, चढ़ावे में प्राप्त नकदी, सोना-चांदी एवं अन्य बहुमूल्य संपत्तियों का सार्वजनिक लेखा-जोखा जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि श्रद्धालुओं के विश्वास को बनाए रखने के लिए ट्रस्ट की वित्तीय व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी होना आवश्यक है।

## विकास कार्यों पर खर्च का असर दिखना चाहिए

विधायक ने कहा कि अमरकंटक देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और मंदिर को करोड़ों रुपये का चढ़ावा प्राप्त होता है। ऐसे में यह जानना जनता का अधिकार है कि इन संसाधनों का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है और इससे क्षेत्र के विकास तथा श्रद्धालुओं को कितनी सुविधाएं मिल रही हैं। उनका कहना है कि यदि विकास कार्यों पर खर्च किया जा रहा है तो उसका प्रभाव धरातल पर भी दिखाई देना चाहिए।

# 48 घंटे के भीतर पुलिस ने किया लूट का खुलासा



**देवहरा पुलिस ने आरोपी को बाइक सहित किया गिरफ्तार**

**अनूपपुर, नवभारत 15 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में चौकी देवहरा पुलिस ने लूट के एक मामले का महज 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को लूटी गई मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया।

फरियादी अवधेश कुमार सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम पटना कला थाना चचाई ने 11 जुलाई को चौकी देवहरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 जुलाई की रात करीब 9.30 बजे वह उद्धव ओझा की मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 18 एमजी 0158 से सिरोल बस स्टैंड स्थित बिरयानी की दुकान पर गया था। वहां एक अज्ञात युवक ने धिरौल पंचायत तक छोड़ने का आग्रह किया। धिरौल पहुंचने पर आरोपी ने फरियादी को धमकाकर धक्का दिया और मोटरसाइकिल लूटकर फरार हो गया।

**आरोपी को न्यायालय में किया गया पेश**

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान आरोपी की पहचान सुनील यादव निवासी ग्राम धिरोल के रूप में हुई। देवहरा पुलिस ने लगातार तलाश कर 13 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर लूटी गई मोटरसाईकिल अनूपपुर से जब्त की गई। इसके बाद आरोपी को न्यायालय अनूपपुर में पेश किया गया।

समस्या | 3 किमी दूर से पानी लाकर बन रहा मध्यान्ह भोजन, पढ़ाई और पोषण दोनों प्रभावित

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहे प्राथमिक विद्यालय कुशियारा के नौनिहाल




**अनूपपुर, नवभारत 15 जुलाई।** सरकार एक ओर हर घर जल और विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे कर रही है, वहीं अनूपपुर जिले के कोतमा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय कुशियारा में पेयजल संकट ने इन दावों की पोल खोल दी है।

विद्यालय परिसर में पेयजल की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से छात्र-छात्राओं को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि बच्चों को कई बार पीने का पानी लाने के लिए विद्यालय से बाहर जाना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

## मध्यान्ह भोजन में होता है विलंब

विद्यालय से संचालित आंगनवाड़ी केंद्र एवं मध्यान्ह भोजन योजना भी इस समस्या से अछूती नहीं है। भोजन बनाने वाली सहायता समूह की महिलाओं को प्रतिदिन करीब तीन किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। पानी उपलब्ध होने के बाद ही भोजन तैयार किया जाता है। कई बार पानी लाने में देरी होने से बच्चों को मध्यान्ह भोजन भी विलंब से मिलता है।

## शिक्षा अधिकारी को भेजा पत्र

विद्यालय के शिक्षकों ने इस गंभीर समस्या को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित पत्र भेजकर पेयजल व्यवस्था की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि पानी की कमी के कारण शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है और बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद अब तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

**गर्मी के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है**

ग्रामीणों एवं अभिभावकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। छोटे-छोटे बच्चों को पानी के लिए विद्यालय से बाहर जाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है। उनका कहना है कि बच्चों का समय पढ़ाई में लगना चाहिए, न कि पानी की व्यवस्था करने में। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभागों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।

# दूषित पेयजल की बोतल भेंट कर सौंपा ज्ञापन

**हिन्दू-मुस्लिम एकता मंच ने स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की**



**नवभारत, उमरिया।** आज बुधवार को हिन्दू-मुस्लिम एकता मंच जिला उमरिया द्वारा वार्ड क्रमांक 4 एवं 5, रमपुरी में विगत कुछ दिनों से हो रही दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद उमरिया के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

इस दौरान मंच के पदाधिकारियों एवं स्थानीय वार्डवासियों ने नगर पालिका द्वारा सप्लाई किए जा रहे दूषित पानी को एक बोतल में भरकर अधिकारियों को भेंट किया, ताकि समस्या की गंभीरता से उन्हें अवगत कराया जा सके। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में घर-घर पाइपलाइन के माध्यम से जो पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, वह अत्यंत गंदा एवं दूषित है। इससे क्षेत्र में जलजनित बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।

इस अवसर पर हिन्दू-मुस्लिम एकता मंच के मो. असलम शेर ने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। शीघ्र ही स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की जानी चाहिए। वहीं हिन्दू-मुस्लिम एकता मंच के संयोजक राजेंद्र कोल ने कहा कि वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 के रहवासी विगत दिनों से दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। प्रशासन को इस गंभीर समस्या का तत्काल समाधान करना चाहिए। हिन्दू-मुस्लिम एकता मंच ने प्रशासन से मांग की है कि दूषित पेयजल की आपूर्ति तत्काल बंद कर पाइपलाइन एवं जल स्त्रोत की जांच कराई जाए तथा वार्डवासियों को शीघ्र स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन सौंपते समय हिंदू-मुस्लिम एकता मंच के सदस्य एवं वार्ड नं.-4 एवं 5 के रहवासी मौजूद रहे।